हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025



# नर्सरी कक्षाएं बाहर, अब केवल पहली कक्षा में ही आरटीई के जरिये दाखिले

## अगले शैक्षणिक सत्र से लागू होगा नया नियम, जिले में डेढ़ हजार से अधिक बच्चों को मिलता है प्रवेश

अलग खबर


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में दाखिले केवल पहली कक्षा में ही मिलेंगे। नर्सरी कक्षाओं को प्रवेश की दौड़ से बाहर कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से यह नई व्यवस्था लागू होगी। इसे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटें गरीब वर्ग के लिए आरक्षित रखी जाती है।

नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 सहित पहली कक्षा में आरटीई के जरिये प्रवेश दिए जाते हैं। इन कक्षाओं में प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्र आगे की पढ़ाई संबंधित निजी स्कूलों में ही जारी रखते हैं। आदेश के मुताबिक अब गरीब छात्रों के पास केवल पहली कक्षा में ही दाखिले का अवसर होगा। अब तक पहली कक्षा सहित नर्सरी कक्षाओं में भी प्रवेश के लिए आवेदन करने का मौका आरटीई के अंतर्गत होता था। नर्सरी में मनचाहे स्कूल में दाखिला नहीं मिल पाने पर छात्र आने वाले वर्षों में अगली कक्षाओं के लिए आवेदन करने पात्र होते थे। अब यह विकल्प छात्रों के पास नहीं होगा। इस नए नियम का निजी स्कूल संघ ने विरोध करना भी शुरु कर दिया है। उनका कहना है कि इस नए नियम से नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को नुकसान होगा।

### एकरूपता लाने प्रयोग

किसी निजी विद्यालय में नर्सरी कक्षा से स्कूलिंग की शुरूआत होती है तो कहीं पहली कक्षा शुरूआती कक्षा होती है, जिस निजी विद्यालय में जो निजी कक्षा होती है, वे वहीं से आरटीई दाखिले की शुरूआत करते हैं। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एकरूपता लाने यह प्रयोग किया जा रहा है। आदेश के बाद अब सभी निजी विद्यालयों में पहली कक्षा से ही प्रवेश होंगे। निजी स्कूलों के समक्ष एक समस्या सीट संख्या को लेकर भी है। चूंकि आरटीई के लिए कुल सीटों का 25 प्रतिशत आरक्षित करना होता है। ऐसे में नर्सरी से पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को स्कूल से बाहर करना होगा अथवा पहली कक्षा की सीटें नर्सरी कक्षा से 25 प्रतिशत अधिक रखनी होगी।




### पैसे बचाने नए नियम

निजी स्कूल आदेश जारी होते ही विरोध में उतर आए हैं। उनका कहना है कि शासन द्वारा पैसे बचाने यह नियम लाया गया है। निजी स्कूल संघ पदाधिकारियों का कहना है कि यदि छात्र नर्सरी कक्षा से ही निजी स्कूल में अध्ययन करेगा तो शासन को नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 की फीस भी देनी होगी। शासन इसमें बचत करने के लिए नया नियम लेकर आ रही है।

बाल्यावस्था की शिक्षा 3-6 वर्ष तक सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है, जहां भाषा, व्यवहार और सीखने की नींव रखी जाती है। आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग के बच्चे निजी स्कूलों में नर्सरी से पढ़ाई जारी रखेंगे। जबकि गरीब बच्चे सीधे पहली कक्षा में प्रवेश लेकर शैक्षणिक असमानता के शिकार होंगे। यह निर्णय बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ाएगा और ड्रॉप-आउट की आशंका को बढ़ावा देगा।

## खबर संक्षेप

### अशांति फैलाने पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद-विवाद कर अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने दो अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मोबाइल से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम इंदामरा में आवेदक के साथ गाली-गलौज कर वाद-विवाद हो रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने देखा कि अनावेदक यशराज यादव 18 साल और मो. आयान 18 साल निवासी गौरीनगर चौकी द्वारा आवेदक सुशील वर्मा के साथ वाद-विवाद कर मारपीट पर उतारू हो गया। मौके पर पुलिस व आसपास के लोगों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, परंतु अनावेदक समझने को राजी न होकर और अधिक उत्तेजित होकर वाद-विवाद व मारपीट पर उतारू हो गया था, जिसे पुलिस के पास अन्य कोई विकल्प न होने से धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनावेदक के विरूद्ध धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर अनुविभागीय दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

### महिला से सोने की माला की लूट

**राजनांदगांव।** एक जा रही एक महिला को बातों में उलझाकर आरोपी ने गले में पहने सोने का तीन पत्ती माला को छीनाझपटी कर फरार हो गया। गत दिवस हुए इस घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौराभाठा निवासी प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह दोपहर को अपने घर से लामानिनखार स्थित बोर खेत तरफ चना-गेहूं की फसल को देखने जा रही थी। इसी दौरान दोपहर लगभग पौने तीन बजे ग्राम धौराभांठा-खपरीखुर्द जाने वाले मार्ग चुहरी तालाब के पास पहुंची ही थी। इसी दौरान पीछे से धौराभाठा की ओर से एक सफेद स्कूटी में अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया। बोला कि धौराभाठा में कोटा खुला है, चावल लेते हो कि नहीं, आप कार्ड बनाए हो कि नहीं बोलते हुए प्रार्थिया को बातों में उलझाकर उसके गले में पहने सोने का तीन पत्ती माला को छीनाझपटी कर फरार हो गया।

## कांकेर के आमाबेड़ा मामले को लेकर जिलेभर में दिखा बंद का असर

# बंद को मिला समर्थन, शाम तक पसरा रहा सन्नाटा, कुछ जगह विवाद भी हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर्वसमाज के आह्वान पर आज छत्तीसगढ़ बंद का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर में भी बंद का असर दिखाई दिया। सुबह से ही बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, चेम्बर ऑफ कॉमर्स सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग शहर में सभी दुकानों को बंद करने निकले। हालांकि सुबह से ही शहर की अधिकांश दुकानें स्वस्फूर्त बंद रही। वहीं कुछ दुकानें खुली थी, जिसे बंद कराया गया।

कांकेर जिले के आमाबेड़ा में धर्मांतरण मामले में शव दफनाने को लेकर उपजे विवाद के बाद यहां पर आदिवासियों पर हमला किया गया। इस पूरे मामले में स्थानीय शासन-प्रशासन, पुलिस और भीम आर्मी सहित ईसाई मिशनरियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए प्रदेश में बंद का आह्वान किया गया। सर्वसमाज द्वारा आयोजित इस बंद के दौरान नेशनल हाईवे में शहर के रामदरबार चौक पर चक्काजाम कर दिया गया। लगभग 1 घंटे तक आयोजित इस चक्काजाम में दोनों ओर से वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया।

सर्व समाज के आह्वान पर बंद





### व्यापारियों ने दिया समर्थन

इस बंद को चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भी अपना समर्थन दिया था। जिसके चलते शहर की अधिकांश दुकानें सुबह से ही बंद रही। वहीं चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा भी कुछ खुली दुकानों को बंद कराया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि इस बंद को सभी व्यापारियों ने अपना समर्थन दिया है, ताकि इस घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

**सभा का हुआ आयोजन:** बंद के आयोजन के दौरान शहर के मानव मंदिर चौक पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बनाने सहित विभिन्न मांगे रखी गई और सभा के पश्चात यहां से एक रैली निकालते हुए। विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन के माध्यम से सरकार को सौंपा गया।

**जगह-जगह पुलिस बल तैनात:** बंद को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी अपनी खासी व्यवस्था की हुई थी। विभिन्न चौक-चौराहों में पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने कहा कि शांतिपूर्ण बैंड का आयोजन हो, इसके लिए बल तैनात किया गया है।

### विवाद की स्थिति निर्मित

बंद के दौरान कुछ जगहों पर विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। रामदरबार चौक में चक्काजाम के दौरान भी एक मोपेड सवार द्वारा जाने को लेकर विवाद किया गया। वहीं पुलिस द्वारा विवाद शांत कराया गया। वहीं कुछ जगहों पर दुकान नहीं बंद करने को लेकर भी कार्यकर्ताओं द्वारा जोर देकर बंद कराया गया।

### प्रशासन की लचर व्यवस्था से हुई घटना

बंद के आह्वान को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू ने कहा कि आमाबेड़ा की घटना शासन-प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों पर हुए हमले में उन्हें गंभीर चोंट आई, लेकिन सीएमएचओ द्वारा मामूली चोंट बताया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में एसपी, तहसीलदार, एसडीएम और सीएमएचओ की भूमिका संदिग्ध है। वहीं उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को लेकर जल्द से जल्द कानून बनाया जाना चाहिए।

# बिना नाली सड़क निर्माण कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चिखली से खैरागढ़ तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में विभिन्न गांव के भीतर नाली निर्माण नहीं किए जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश नजर आ रहा है। जनपद क्षेत्र तिलई, पदुमतरा, खपरी, चवेली एवं बोरी सहित अन्य ग्रामों के जनप्रतिनिधियों ने इस मामले को लेकर कलेक्टर जितेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपते हुए सड़क के साथ नाली निर्माण किए जाने मांग की है।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में जिन गांवों से सड़क गुजर रही है, वहां नाली निर्माण का प्रावधान नहीं किया गया है। इससे भविष्य में बरसात के मौसम में जलभराव, गंदगी और आवागमन में परेशानी की समस्या उत्पन्न होगी। बिना नाली के सड़क निर्माण अधूरा और अव्यवहारिक है।

जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि स्थल की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते स्टीमेंट में सुधार कर नाली निर्माण की स्वीकृति दी जाए तथा नाली निर्माण पूर्ण होने के पश्चात ही सड़क निर्माण कार्य कराया जाए।

### नाली निर्माण के लिए स्वीकृत की मांग

ग्रामीणों के साथ पहुंचे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर और शासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण के दौरान नाली निर्माण कराया जाए। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो और सड़क निर्माण कार्य टिकाऊ एवं उपयोगी सिद्ध हो।

### क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद सदस्य ललिता साहू, ओमप्रकाश साहू, पद्ुमतरा सरपंच हिना साहू, बोरी के सरपंच जीवन साहू, खपरीखुर्द के सरपंच भूपेन्द्र निषाद, पूर्व सरपंच मोहन साहू, विक्की साहू, राकेश साहू, गुलाल साहू, घनश्याम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अधिकांश क्षेत्र में 15 क्विंटल से भी कम उपज! 21 क्विंटल का कोटा पूरा करने जुगाड़ का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले सहित प्रदेशभर में पिछले 15 नवंबर से धान की सरकारी खरीदी शुरू हो गई है। अब तक 40 फीसदी से अधिक किसानों ने अपनी उपज सरकार को बेच भी दी है। इस दौरान प्रशासन की तरफ से धान का अवैध कारोबार करने वालों पर एक्शन भी लिया जा रहा है। पहली दफा है, जब जिले में ही लगभग 12 करोड़ रुपए का अवैध धान पकड़ा जा चुका है। इनमें पड़ोसी जिलों से आने वाले धान के अलावा स्थानीय स्तर पर धान की हेराफेरी करने जैसे मामले भी शामिल है।



हरिभूमि ने जब जिले के कुछ किसानों से बात की तो जानकारी सामने आई कि जिले के अधिकांश क्षेत्रों में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की आवक होती ही नहीं है। किसानों का कहना था कि पानी बेल्ट वाले खेतों में ही 21 क्विंटल से अधिक धान होता है, जहां पानी की उपलब्धता कम होती है वहां पर प्रति एकड़ औसतन 14 से 16 क्विंटल ही धान होता है। ऐसे में वह किसान अपने कोटे के 21 क्विंटल की बिक्री करने के लिए ही कोचियों, मिलर्स एवं मंडी से धान की खरीदी करते हैं। हालांकि इस साल प्रशासन की तगड़ी मोर्चाबंदी के चलते इस खेल पर लगाम कस दी गई है।

### 12 करोड़ का धान जब्त

जिले में अब तक प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में 11.98 करोड़ रुपए का अवैध धान जब्त किया जा चुका है। बताया गया कि जिले में 211 प्रकरण में प्रशासनिक टीम ने 38654 क्विंटल धान जब्त किया है। इस कार्रवाई के दौरान 27 वाहन भी जब्त किए गए हैं। यह धान वही है, जो हर साल कोचियों के जरिये समितियों तक बिकने के लिए पहुंचता रहा है, लेकिन इस बार प्रशासन की मॉनिटरिंग एवं कार्रवाई के चलते धान खपाने का खेल अब तक शुरू ही नहीं हो पाया है। वहीं समितियों में भी भौतिक सत्यापन का काम किया जा रहा है।

# एसपी ने किया एमसीपी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने रात्रि में मोबाइल चेक पोस्ट एमसीपी का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा आज शहर क्षेत्र में लगाए गए एमसीपी (मोबाइल चेक पोस्ट) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी तैनाती, चेकिंग प्रक्रिया एवं सतर्कता के संबंध में जानकारी ली गई।



### संदिग्धों की गंभीरता से करें जांच

पुलिस अधीक्षक द्वारा एमसीपी ड्यूटी को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गंभीरता से जांच करने, दस्तावेजों की समुचित पड़ताल करने तथा आम नागरिकों से शालीन व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए।

### लापरवाही ना बरते

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही एमसीपी पर तैनात बल को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं वरिष्ठ अधिकारियों को समय-समय पर सूचना देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से जिले को मिली बड़ी सौगात

# साढ़े 10 हजार करोड़ की लागत से गेल लगाएगा यूरिया प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





जिले को लंबे समय बाद एक बड़ी औद्योगिक सौगात मिलने जा रही है। विस अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से राजनांदगांव जिले में यूरिया का बड़ा प्लांट खुलने जा रहा है। देश की प्रतिष्ठम यूरिया प्लांट कंपनी गेल लगभग साढ़े दस हजार करोड़ रुपए की लागत से यह यूरिया प्लांट जिले में लगाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 17 कार्य के लिए 87 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार इस उद्योग का सीधा फायदा जिले के लोगों को मिलेगा। बताया गया कि देश की प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड गेल द्वारा राजनांदगांव जिले में रुपए 10,500 करोड़ के निवेश से यूरिया निर्माण इकाई स्थापित किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। यह निवेश प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ स्किल टेक कार्यक्रम के दौरान सामने आया। जिसका आयोजन राज्य कौशल विकास विभाग एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में उर्वरक, टेक्सटाइल, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सोलर क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों ने राज्य में कुल रुपए 13,690 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में प्रस्तुत इन प्रस्तावों में सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव रुपए 10,500 करोड़ का गेल द्वारा दिया गया। जिसके अंतर्गत राजनांदगांव में गैस पाईप लाइन आधारित उर्वरक यूरिया संयंत्र की स्थापना की जाएगी।

## जिले को 17 कार्य के लिए 87.58 लाख रुपए स्वीकृत, होंगे विकास कार्य

### 3500 लोगों को मिलेगा रोजगार

बताया गया कि गेल द्वारा किए जा रहे निवेश के बाद इस परियोजना से न केवल क्षेत्र में औद्योगिक आधार मजबूत होगा, बल्कि राज्य के लगभग 3,500 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस प्रस्तावित यूरिया प्लांट से प्रतिवर्ष लगभग 1.27 मिलियन टन यूरिया उत्पादन किया जाएगा। जिससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की औद्योगिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाई प्राप्त होगी।

### सीसी रोड, भवन के लिए फंड

क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना वर्ष 2025–26 के अंतर्गत 87 लाख 58 हजार की लागत से 17 विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्वीकृत विकास कार्यों में सामुदायिक भवन, व्यावसायिक परिसर, रंगमंच निर्माण, सीसी रोड, मुक्तिधाम शेड, प्रतीक्षालय निर्माण सहित अन्य जनोपयोगी अधोसंरचना से जुड़े कार्य शामिल हैं। जिनसे स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

### विस अध्यक्ष ने सीएम का जताया आभार

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस ऐतिहासिक औद्योगिक निवेश तथा क्षेत्रीय विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि यह निर्णय जिले के आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक विकास को नई दिशा देगा तथा जिले को विकास के नए केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

अंचल के प्रथम एवं एकमात्र मधुमेह (डायबिटीज) थायरॉइड एवं हार्मोन के सुपर स्पेशलिस्ट (DM)
जनवरी 2026 से प्रत्येक शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे
डॉ. रजत देब
कंसल्टेंट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट
(व्यस्क एवं बाल चिकित्सक)
डीएम एंडोक्राइनोलॉजी (कोलकाता)
एमडी मेडिसिन, एमबीबीएस (गोल्ड मेडलिस्ट)
: अनुभव :
नील रतन सरकार मेडिकल कॉलेज, कोलकाता
महात्मा गांधी अस्पताल, इंदौर
- रोग / लक्षण के लिए संपर्क करें -
• हाई कोलेस्ट्रॉल • मोटापा • इंसुलिन से संबंधित जानकारी • बच्चों में छोटा कद • पीसीओडी • कमजोर हड्डियाँ • पुरुषों में स्तन वृद्धि • सेक्युअल डिसफंक्शन • महिलाओं के चेहरे पर अधिक बाल
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### कबीर संत समागम 27 और 28 को



**पटेवा।** ग्राम पटेवा में कबीर पंथी समाज, नवयुवक मंडल, अमीन माता महिला मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय कबीर संत समागम समारोह का आयोजन 27 एवं 28 दिसम्बर को किया गया है। पहले दिन 27 दिसंबर को प्रातः 7 बजे गुरु महिमा पाठ, भजन सत्संग, दोपहर 1 बजे से सुलक्षणा माता साहिबा दामाखेड़ा के आशीर्वाद वचन एवं सामूहिक भेट बंदगी, 28 दिसम्बर को सुबह गुरु महिमा पाठ, भजन सत्संग एवं प्रवचन, शाम 4 बजे चौका आरती का कार्यक्रम होगा। आयोजक समिति ने लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### रामायण सम्मेलन 27 से

**चिचोला।** नागरकोहरा में दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन आगामी 27 एवं 28 दिसंबर को रखा गया है। इसी दिनांक को झिंझारी, फ़क्कीटोला, सेन्दरी में भी कार्यक्रम रखा गया है। आगामी 29 दिसंबर को रात्रि में सोनह बादर बालोद का कार्यक्रम रखा गया है।

### अग्रवाल समाज की वेबसाइट शीघ्र

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल समाज को राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वेबसाइट बहुत जल्द जारी की जाएगी। इस वेबसाइट के माध्यम से समाज के लोगों को एक साझा डिजिटल मंच उपलब्ध कराया जाएगा। वेबसाइट लॉच के साथ ही सदस्यता अभियान भी शुरू किया जाएगा, जिसमें सदस्य बनने के लिए मात्र 100 शुल्क रखा गया है। महिलाओं को भी सदस्य बनने का अवसर दिया जाएगा। जो अधिक से अधिक सदस्य बनाएगा उसे सम्मानित किया जाएगा।

### खैरबना मंडई 26 को

**टाटेकसा।** ग्राम खैरबना में 26 दिसम्बर को मेला मंडई का आयोजन रखा गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में मया पीरित के छांव नाच पार्टी केसों खैरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पामेश्वर धनकर, पुनुराम ने दी।

### मानस गायन स्पर्धा 10 से

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में रामायण समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को किया गया है। स्पर्धा में ख्याति प्राप्त 20 मानस मंडलियों को प्रवेश दिया गया है। इसी दिनांक को हरडुवा, सलोनी, छोटे टेमरी भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### तुकांत स्मृति क्रिकेट स्पर्धा जनवरी में

**डोंगरगांव।** नगर के नर्सरी मैदान में आगामी 8 से 14 जनवरी तक टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट शहीद तुकांत अहीर की याद में आयोजित किया जा रहा है। नर्सरी इलेवन एवं मॉर्निंग ग्रुप द्वारा विजेता टीम को 21001 और उपविजेता टीम को 11001 रुपए के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द सीरीज के रूप में साइकिल दी जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच के अलावा बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी टिंकू देवांगन ने बताया कि प्रवेश शुल्क 1501 रुपए तय है। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष कमलेश चंद्रवंशी, उत्तम देवांगन, अविनाश साहू, कोमल साहू, रवि पटेल, टिंकू देवांगन सहित सभी सदस्य जुटे हैं।

### ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण



**टेड़ेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने गत दिनों माँ कौशिल्या धाम पाटेश्वर, पर्यावरण गार्डन, तांदूला बांध, गंगा मईया झलमला, माँ सियादेवी का शैक्षिक भ्रमण किया। वापसी के दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जिसमें सही उत्तर बताने वालों को पुरस्कृत किया गया।

---

### आमाबेड़ा की घटना पर लोगों ने जताया रोष

# धर्मांतरण के विरोध में बंद को सभी ने दिया अपना समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

कांकेर जिले के आमाबेड़ा की घटना के विरोध में छत्तीसगढ़ बंद के आह्वान को नगर में पूरा समर्थन मिला। सर्व हिंदू समाज और आदिवासी संगठनों द्वारा धर्मांतरण के बढ़ते मामलों और प्रशासनिक पक्षपात के विरोध में आयोजित बंद को गंडई के व्यापारियों और आम जनमानस का स्वस्फूर्त समर्थन दिया। सुबह से ही नगर की हृदय स्थल से लेकर गली-मोहल्लों में सन्नाटा पसरा रहा। व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर धर्मांतरण के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित किया।




उल्लेखनीय है कि आमाबेड़ा में एक धर्मांतरित परिवार द्वारा शव दफनाने को लेकर विवाद हुआ था। गत 18 दिसंबर को हुई इस घटना ने तब हिंसक रूप ले लिया जब स्थानीय ग्रामीणों की भावनाओं को दरकिनार किया गया और पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प होने के बाद तनाव बढ़ गया था। हिंदू समाज का आरोप था कि प्रशासन एकपक्षीय कार्रवाई कर रहा है और आदिवासी संस्कृति को नष्ट करने वाली ताकतों को संरक्षण दिया जा रहा है।

बंद के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राकेश ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, राकेश जायसवाल, यतीश कुंजाम, टुम्मन साहू, मंगल जैन, राकेश टंडन, कृष्णा मानिकपुरी, ऋषभ सिन्हा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### चौक-चौराहों में तैनात रही पुलिस

मेडिकल स्टोर और पेट्रोल पंप जैसी आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी छोटे-बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। बिना किसी पूर्व सूचना के बाद व्यापारियों ने बंद को व्यापक समर्थन दिया। सुबह लगभग 10 बजे भाजपा नेताओं और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नगर का भ्रमण किया। इस दौरान इक्का-दुक्का दुकानें खुली थी को बंद करने का आग्रह किया गया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस चौक चौराहों पर तैनात रही।

#### स्वस्फूर्त बंद रही दुकानें



**डोंगरगांव।** राज्य में बढ़ती धर्मान्तरण की घटना और आमाबेड़ा की घटना के विरोध में सर्व समाज द्वारा आयोजित बंद को नगर में पूरा समर्थन मिला। अलसुबह से खुल जाने वाली होटल सहित अन्य दुकानों के पट बुधवार को 11 बजे के बाद खुले। बंद को लेकर मंगलवार को विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भ्रमण कर व्यापारियों आदि से व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रखने का आव्हान किया था जिसका असर बुधवार को देखने मिला। कुछेक को छोड़कर बहुसंख्यक दुकान बंद रही। होटलों के बंद से सुबह आवाजाही करने वाले सहित शहर के लोगों को चाय की तलब मिटाने के लिए परेशान होना पड़ा। दवा दुकानें, पेट्रोल पंप, थोक सब्जी मंडी की दुकाने चालू रही। इस दौरान सर्व समाज के युवा दुकानों को बंद कराने भ्रमण करते रहे।

---

# वीर मेला में सामाजिक एकता का दिया संदेश

### वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कल्लूबंजारी

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र कल्लूटोला ने वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस को वीर मेला के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि धमधागढ़ के नव निर्वाचित अध्यक्ष कमलेश ध्रुव एवं प्रमुख अतिथि जिला पंचायत सभापति बीरम बाई मंडावी थी।

इस मौके पर छुरिया से कल्लूटोला तक बाइक रैली एवं कलश यात्रा निकाला गया। रैली अतिथियों के साथ जय घोष करते हुए यह कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। यहां वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश ध्रुव ने कहा कि धमधागढ़ को समाज के पुरोधा लोगों ने एकता के सूत्र में बांधकर रखा है जिसे संवारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धमधागढ़ बावन गढ़, 57 परगना में से एक है जहां त्रिमूर्ति महामाया विराजमान है। उन्होंने सभी से एकता के सूत्र में रहने का आव्हान किया। सभा को जिला पंचायत सभापति बीरम बाई मंडावी ने भी संबोधित किया। उन्होंने नाली निर्माण तथा प्रतिमा स्थल पर कांक्रिटीकरण कराने की घोषणा की। सभा को दिनेश कुरेटी, मदन नेताम, सुशीला नेताम, अनिल ध्रुर्वे, जयपाल नेताम, राजेश्वर ध्रुवे, रघुवीर सेवता, दिनेश नेताम एवं कलाराम चंद्रवंशी ने संबोधित किया।

#### सांस्कृतिक प्रस्तुति

इस अवसर पर मिहिका ठाकुर, गुंजन कतलाम, ट्विंकल, भाविका, संभवी, भावना, खोमेश्वरी आदि बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कलश यात्रा के दौरान राउत नाचा आकर्षण का केन्द्र रहा। संचालन उद्धव ठाकुर ने किया।

---

# समय का सदुपयोग करें छात्र: भरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में 24 दिसंबर को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा थे। अध्यक्षता भाजपा नेता पवन जैन ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच ललिता साहू, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू थे। इस गरिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत से हुआ।

अतिथियों को स्मृति चिन्ह, श्री फल, शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन में साल भर की उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। श्री साहू छात्र छात्राओं को सफलता के लिए कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया। सरपंच श्रीमती साहू ने कहा वार्षिकोत्सव से विद्यार्थियों की छुपी प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है। अध्यक्ष श्री जैन ने कहा विद्यार्थीयो को हर क्षेत्र में प्रतिभा होनी चाहिए तथा समाज के लिए उनका दायित्व है और समाज के लिए भी कुछ करें। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में टामेश देवांगन, पन्ना देवांगन, दिनेश साहू, दिलीप साहू, कुलेश्वर निषाद, डॉ. रमेश शर्मा, चंद्रकला सोनकर, भैयालाल साहू, ओमकार सोनकर, चानूराम साहू आदि शामिल हुए।




#### उपासना का सम्मान

कार्यक्रम में जिला स्तरीय गोला फेंक स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल करने वाली उपासना साहू को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सुंदर प्रस्तुतियां दी। संचालन शुभि जैन, डॉ काव्या जैन, कंचन साहू, मोनिश खान ने किया। इस दौरान डॉ संजू सिंह, डॉ हेमलता, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, हिमानी साहू, ओम प्रकाश सहारे, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ज्ञानेश्वर देवांगन आदि उपस्थित थे।

---

# युवा कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

केंद्र सरकार की निजीकरण और जनविरोधी फैसलों के खिलाफ मंगलवार को तिरंगा चौक में युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित भिलाई इस्पात संयंत्र को बेचने की साजिश की जा रही है जिसके विरोध में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव अनशन पर बैठे हैं। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई अब केवल भिलाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के भविष्य को बचाने का अभियान बन चुका है।



#### जबरन सीमेंट फैक्ट्री थोपने का विरोध

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि संडी, सीताडबरी, मानिकचौरी एवं हनईबन क्षेत्र के 55 गांवों के विरोध के बावजूद प्रशासन द्वारा जबरन सीमेंट फैक्ट्री थोपने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन, जल और जंगल पर हमला करते हुए लाइमस्टोन खदानों की निविदा जारी करना जनभावनाओं का अपमान है।

#### पुलिस के साथ झूमाझटकी

पुतला दहन के दौरान तिरंगा चौक पर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया, जिससे काफी देर तक धक्का-मुक्की और झूमाझटकी होते रही। हालांकि भारी गहमागहमी के बीच युवा कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला दहन करने में सफल रहे। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया कुर्रे, शहर अध्यक्ष अमन सोनी, मन्नूलाल चंदेल, रंजीतसिंह चंदेल, क्रांति ताम्रकार, अमित टंडन, लक्ष्मण विश्वकर्मा, गौकरण वर्मा, सोमलाल वर्मा, शाद मेमन, सौरभ साहू, दशरथ जंघेल, विक्की टंडन, पंचराम साहू, दुखित साहू, नेमी कोसरे, कोमल देवांगन, महंगू कोसरिया, उमेश बांधे, सिद्धांत वर्मा, वेदांत देवांगन, दिनेश देवांगन, इशू झारिया, मिनेश साहू, शब्बीर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि निजीकरण की प्रक्रिया और सीमेंट फैक्ट्री का निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

---

# वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लालबहादुर नगर

स्थानीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति अनिता मांडवी, नपं उपाध्यक्ष छबिधर साहू, राकेश सिन्हा, नोबल साहू, थे। रासेयो दल नायक रितेश पटेल के नेतृत्व में स्वयं सेवक अतिथियों को ससम्मान कार्यक्रम स्थल तक ले गए। शुभारंभ के बाद सरस्वती वंदना की प्रस्तुति पुनीता, त्रिवेणी, एवं यानुका ने दी। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने प्रतिवेदन का वाचन किया।




#### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डां. हेमलता गायकवाड़ के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वयं सेवको ने बारहमासी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रो मनोहर बोकडे, बीआर चंद्रवंशी, अरुण साहू, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, डॉ कविता यद्दु, राहुल यादव, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा, प्रीति साहू, गौतम राव, रूपेश बंसोड़, सुभाष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

#### समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि से जनभागीदारी समिति से संचालित कक्षाओं को शासनाधीन कराने, प्राध्यापकों की नियुक्ति, सेमीनार हाल, अध्यापन कक्ष निर्माण की मांग रखा। मुख्य अतिथि श्री साहू ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंडावी ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्राएं हर क्षेत्र आगे आकर नाम रोशन कर रही हैं। राकेश सिन्हा, नोबल साहू ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात क्रीड़ा प्रभारी बीआर चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में शैक्षणिक गतिविधियों, वार्षिक खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

---

# श्रीकृष्ण के जन्म पर झूमे भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उरईडबरी

ग्राम में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन कथा पंडाल भक्तिरस, आनंद और उल्लास से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म तथा दही लूट की भावविभोर करने वाली कथाओं का वाचन किया गया।

भगवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का वाचन करते हुए बताया कि जब समर्पण भाव से भक्त प्रभु का स्मरण करता है तब भगवान उसकी रक्षा करने प्रकट होते हैं। संकट में फँसे गजेंद्र की पुकार पर प्रभु विष्णु का प्रकट होना यह संदेश देता है कि ईश्वर अपने भक्तों को निराश नहीं करते। उन्होंने वामन अवतार कथा में भगवान के त्रिविक्रम रूप का वर्णन करते हुए बताया कि अहंकार चाहे कितना भी विशाल क्यों न हो, प्रभु की लीला के सामने वह क्षण में विनष्ट हो जाता है। इसी क्रम में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आते ही पंडाल में नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गूंज रही।


**आम सूचना**

मैं रमेश कुमार ठाकुर अधिवक्ता एक बत्ती पांच रास्ता वार्ड नं. 16 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) अपने पक्षकार वीणा पूर्ति मशीह - आयु 62 वर्ष पिता स्व. जीवन प्रकाश पूर्ति जाति मुण्डा हाल निवास श्याम नगर आई.टी.आई. के सामने वार्ड नं. 14 रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) निवासी पेट्रा निवास के सामने डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के बताये एवं निर्देशानुसार आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे संयुक्त परिवार की सम्पत्ति ग्राम बधियाटोला प.ह.न. 30 तहसील डोगरगढ़ जिला राजनांदगावं छ.ग. में मेरे पक्षकार की उसके पिता स्व. जीवन प्रकाश पूर्ति भूतपूर्व सैनिक की पात्रता होने से ग्राम बधियाटोला प.ह.न. 30 में स्थित तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में ख.न. 82 शासकीय पट्टे पर आवासीय हेतु प्राप्त हुआ था। मेरे पक्षकार के पिता के द्वारा पटटा प्राप्ति के समय से उक्त भूमि में मकान बनाकर पूरे परिवार सहित निवास करते आ रहें थे कि मेरे पक्षकार के पिता के मृत्यु के बाद मेरे और मेरे भाई बहन के बीच आपसी बंटवारा हुआ था इस बंटवारे में स्व. भाई प्रमोद कुमार पूर्ति को बंटवारे में खन. 82 में से 23 x 40 = 920 वर्गफुट 85.501 वर्गमीटर रिक्त भूमि जिसके उत्तर में 10 फुट की गली, दक्षिण में रेल्वे की भूमि, पूर्व में 10 फीट की गली, पश्चिम में सत्यनारायण का मकान गली बाद स्थित है प्राप्त हुआ था। इस भूमि को मेरे पक्षकार की भाभी रेखा पूर्ति भतिजी प्रशिला पूर्ति भतीजा परशिबल पूर्ति द्वारा मेरे पक्षकार को 1,00,000 रूपये में विक्रय कर संपूर्ण प्रतिफल प्राप्त कर मेरे भाभी भतीजी भतीजा मेरे पक्ष में दिनांक 16.06.2015 को उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में उपस्थित होकर गवाहो के समक्ष पंजीयत विक्रय पत्र निष्पादित कर कब्जा सौप दिये इस रिक्त भूमि में मेरा पक्षकार कांक्रीट का नींव डालकर उक्त भूमि में मकान बनाने की तैयारी में है। मेरे पक्षकार को जानकारी मिली है कि उक्त विक्रय शुदा भूमि का नजरी नक्शा हल्का पटवारी से बना कर अनेको अनेको व्यक्तियों को भूमि का मौका स्थल रोज ब रोज दिखलाकर विक्रय करने की तैयारी में है। यदि उक्त विक्रय शुदा भूमि को मेरे पक्षकार की भतीजी भतीजा के द्वारा अन्य बेनाम व्यक्ति को विक्रय करते है तो उक्त भूमि के संभावित क्रेता के पक्ष में पंजीयत विक्रय पत्र निष्पादित करते है तो वह संव्यवहार विधि विरूद्ध प्रभावहीन एवं शुन्य होगा। उक्त भूमि का मालिकाना हक अधिकार क्रेता को प्राप्त नहीं होगा ऐसी दशा में जानबुझकर मेरी भाभी भतीजी भतीजे द्वारा संभावित क्रेता को उक्त भूमि को विक्रय का सौदा कर पंजीयत विक्रय पत्र निष्पादित करते हैं तो विक्रेतागण एवं क्रेता दोनो के विरूद्ध समक्ष न्यायालय में कार्यवाही की जावेगी। जिसके परिणाम एवं व्यय के लिऐ दोनो स्वमेव व्यक्तिशः जिम्मेदार रहेंगें।

सूचना जाने

स्थानः- डोंगरगढ़
दिनांकः- 24.12.2025

आर.के. ठाकुर (अधिवक्ता)
डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव
मो. 94255 00443


---

# शिविर में मितानिनों का सम्मान, नशा मुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा समस्याओं के निराकरण के लिए बुधवार को ग्राम पंचायत सड़क अतरिया में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने प्रशासन को अपनी समस्या एवं मांग से वाकिफ कराया।

कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार थे। शिविर का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना तथा भारत रत्न अटल बिहारी को नमन कर किया गया। इस मौके पर श्री जंघेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के जन्मदिन पर सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण करना है जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। खम्हन ताम्रकार ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताकर ग्रामीणों को इसका लाभ लेने प्रेरित किया। शिविर में अतिथियों ने पीएम आवास योजना के तहत बन चुके मकान की चाबी पांच हितग्राहियों को दिया। अतिथियों ने विभागीय स्टालों का अवलोकन कर ग्रामीणों को मिल रही सुविधा का जायजा लिया।

#### शिविर में 237 आवेदन मिले

सुशासन शिविर में कुल 237 आवेदन प्राप्त हुआ। अधिकांश आवेदन मांग से संबंधी थे। पंचायत ग्रामीण विकास विभाग को 153 मांग, खाद्य विभाग 20, विद्युत 12, राजस्व 13, पशु विभाग 6, महिला बाल विकास 1, श्रम 2, कृषि 4, पीएचई 5, स्वास्थ 2, वन 10 आवेदन प्राप्त हुए। प्रचार के अभाव में सीमित गांव के लोग ही शिविर में शामिल हुए। शिविर में कुल 43 पंचायत के ग्रामीणों को शामिल होना था पर अपेक्षित संख्या में लोग नहीं जुट सके।



#### मितानिनों का सम्मान

इस दौरान मितानिन लक्ष्मी जंघेल, तुलसी जंघेल, कविता यादव, शांतिबाई, भुनेश्वरी को सतत सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं कर्मचारियों ने नशा के दुष्प्रभाव से वाकिफ होकर नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

#### नवीन भवन की मांग

उपस्वास्थ केन्द्र सड़क अतरिया का भवन लगभग चार दशक पुराना और काफी जर्जर हो चुका है। कर्मचारी एवं मरीजों को समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने नवीन भवन निर्माण की मांग रखा। शिविर में डोमारसिंह भेड़िया, पुष्पेन्द्र देवांगन, दूजेराम वर्मा, अनुज साहू, राधे मोहन वैष्णव, लोमश वैष्णव, महेश जैन, सरपंच सोनम वैष्णव, अश्वनी वैष्णव, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, चन्द्रकुमार वर्मा, केसलाल मंडावी, शिवकुमार पटेल, चंचला तीजे धुर्वे, कैलाश वर्मा, सीईओ श्रीमती के देवांगन, भुनेश्वरी जोशी, नीलेश राजपूत, झुमुक साहू, कमलेश साहू, कंसराम पटेल, बिंदिया मानिकपुरी, प्रेमलाल देवांगन, तेजनाथ ठाकुर, संतोषी जंघेल, संगीता निर्मलकर, लीलाबाई जंघेल, आशा देवांगन, देवानंद भगत सहित अन्य शामिल हुए।

## सार समाचार

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मंदिर प्रांगण स्थित मैदान में नर्मदा क्रिकेट क्लब एवं युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।



प्रतियोगिता का शुभारंभ चकनार के सरपंच प्रतिनिधि लालचंद पटेल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जंघेल, उपसरपंच भारती सोरी , अक्कू मिर्जा एवं गोपाल गोस्वामी के आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन, एकता और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया एवं आयोजन को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

### प्राक्चयन परीक्षा रायपुर में 28 को

**राजनांदगांव।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 28 दिसम्बर को दोपहर 12 से 2 बजे तक जिला रायपुर के प्रयास विद्यालयों में आयोजित किया गया है।

### साधारण सभा की बैठक 26 को

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत राजनांदगांव की साधारण सभा की बैठक 26 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मैनुअल स्क्वैंजर अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति के क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में सफाई कर्मचारियों के समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई एवं समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक में सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आंदोलन बबीता कुलदीप, सफाई मित्र नगरीय निकाय सुधीर पांडिया, सफाई मित्र श्यामबाई डोंगरे, स्वास्थ्य निरीक्षक स्टेशन डोंगरगढ़ सुशीला साहू, स्वास्थ्य निरीक्षक सुकेशिनी पाटील, सहायक संचालक आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता उपस्थित थे।

### आज क्रिसमस मिलन का आयोजन

**राजनांदगांव।** वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगांव में कल 25 दिसंबर को संध्या 6 से 11 बजे तक नगरवासियों के लिए ख्रीष्ट जयंती पर्व में क्रिसमस मिलन का भव्य आयोजन किया गया है। यह जानकारी वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह. डॉ. सुमन लाल ने दी।

### बोदेला में आज आध्यात्मिक दिव्य सत्संग समारोह



**राजनांदगांव।** तुमडीबोड समीपस्थ ग्राम बोदेला में कल 25 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से आध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन गुलाब वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी के निज निवास ग्राम बोदेला पर रखा गया है। इस अवसर पर प्रवचनकर्ता परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग से अपने संत मंडली के साथ पधारेंगे। यह जानकारी सदगुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी।

### गंडई अटल परिसर का आज होगा भव्य लोकार्पण

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के विकास कार्यों की कड़ी में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। आज 25 दिसंबर को अटल परिसर का गरिमामय लोकार्पण (वर्चुअल माध्यम से) संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। नगर पंचायत गंडई द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम दोपहर 12.30 बजे से वार्ड क्रमांक 7, शासकीय अस्पताल के पास आयोजित किया गया है। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रमन सिंह एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा रहेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी वार्डों के पार्षद गण उपस्थित रहेंगे। अटल परिसर का लोकार्पण स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है। नगर पंचायत प्रशासन ने इस अवसर पर क्षेत्र की जनता को सादर आमंत्रित किया है।

### ई रिक्शा नहर में गिरा

**सड़क अतरिया।** ग्राम की नहर में बुधवार की शाम एक ई रिक्शा



अनियंत्रित होकर गिर गया। चालक को सामान्य चोट आने की जानकारी है। जानकारी अनुसार ई रिक्शा नहर के पार से गुजर रहा था। वाहन चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और वह सीधा नहर में उतर गया। वाहन चालक इस घटना में बाल बाल बच गया।

### ठाकुर विक्रम सिंह को एसपी ने किया सम्मानित

**छुईखदान।** छुईखदान प्रेस क्लब के संगठन सचिव एवं समाजसेवी ठाकुर विक्रम सिंह को उनके उल्लेखनीय सामाजिक सेवा कार्यों के लिए आज



पुलिस अधीक्षक द्वारा पुनः सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की जान बचाने में निभाई गई अहम भूमिका के लिए प्रदान किया गया। ठाकुर विक्रम सिंह जिले में सड़क हादसों के शिकार घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में अग्रणी रहे हैं। वे अपने फोन कॉल, स्वयं के साधनों तथा 112 एवं 108 जैसी आपातकालीन सेवाओं का अधिकतम उपयोग कर दुर्घटनाग्रस्त लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में निरंतर सक्रिय रहते हैं। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता के कारण अनेक लोगों की जान बचाई जा चुकी है। सर्वाधिक दुर्घटना पीड़ितों को अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाने के उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए शासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाना पूरे प्रेस क्लब के लिए गौरव की बात है। छुईखदान प्रेस क्लब के अध्यक्ष और सदस्यों ने भी ठाकुर विक्रम सिंह को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

---

### शासकीय संपत्तियों को बेचे जाने का लगाया आरोप

# बीएसपी के निजीकरण का विरोध, फूंका पीएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में लगातार कट रहे जंगल, शासकीय संपत्तियों का निजीकरण और अब भिलाई स्टील प्लांट को प्राइवेट सेक्टर के लिए दिए जाने का विरोध करते युवा कांग्रेस द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला जलाया गया।

प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर निजीकरण के विरोध में केंद्र में बैठी मोदी सरकार के पुतला दहन का आयोजन किया गया। इस दौरान जयस्तंभ चौक पर युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के पुतला दहन का आयोजन किया और पुलिस को चकमा देते पुतला दहन कर दिया। पुतला दहन के आयोजन को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मानव देशमुख ने कहा कि लगातार निजीकरण करते शासकीय संपत्ति और जंगलों को बेचा जा रहा है। पूर्व में सरगुजा के जंगलों को बेचा गया और अब भिलाई स्टील प्लांट को निजीकरण करके भेजा जा रहा है। जिसको लेकर विधायक देवेंद्र यादव पांच दिन से अनशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस अनशन सत्याग्रह को इस प्रदर्शन के माध्यम से समर्थन किया जा रहा है।



#### जंगल काटने का विरोध

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुरबेज सिंह माखीजा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश की संपत्तियों को बेचने का काम कर रही है। भिलाई स्टील प्लांट को भी निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जंगल काटे जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे इस निजीकरण का विरोध करने के लिए प्रधानमंत्री का पुतला जलाया गया है।

#### केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और शासकीय संपत्तियों के निजीकरण का विरोध किया गया। इस पुतला दहन में पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, विशु अजमानी, संदीप सोनी, अभिमन्यु मिश्रा, आफताब अहमद सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

---

## हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा गुरू घासीदास जयंती

**गंडई पंडरिया।** स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में सत्य और अहिंसा के प्रतीक एवं महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। प्राचार्य डॉ. कुर्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा जी के उपदेश और उनके द्वारा दिया गया समानता का सिद्धांत आज के दौर में समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सादगी और भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप अमिला, डॉ. ओम प्रकाश कौशिक, शुभम दुबे, डॉ. दिलेश्वरी साहू, योगिता लहरे और डॉ. युवराज टेमरे उपस्थित थे। संचालन छात्र निखिल निर्मलकर एवं किशन मांडले ने किया। कार्यक्रम के समापन पर संयोजक डॉ. पदमनी सिन्हा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

#### सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रतियोगिताओं की रही धूम

इतिहास विभाग की डॉ. पदमनी सिन्हा एवं पल्लवी गुप्ता के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमे बाबा गुरु घासीदास के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर विद्यार्थियों ने विचार रखे। छात्रों ने पारंपरिक पंथी नृत्य और गीतों के जरिए बाबा के जीवन दर्शन की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिताओं में निखिल, दीक्षा, मुस्कान, देवेशश्री, पियूष, रजक, हिरेन्द्र, सोनम, श्रेया और मोनिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

---

## युवा उत्सव में रीतेश व पूनाराम सम्मानित

**राजनांदगांव।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में यामिनी क्रीड़ा एवं कला केन्द्र के अध्यक्ष रीतेश देवागंन तथा सचिव पूनाराम यादव को सम्मानित किया गया।



प्रतियोगिता में जिलेभर से आए युवा प्रतिभागियों ने विद्याओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया था। रीतेश चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक थे। जबकि पूनाराम यादव ने चित्रकला, कविता लेखन, कहानी लेखन एवं विज्ञान नवाचार में निर्णायक के रूप में उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। अन्य अतिथियों में छग प्रदेश हॉकी संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कविता वासनिक, पूनम विराट एवं राजेन्द्र यादव शामिल थे। कार्यक्रम के प्रभारी खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए. एक्का तथा संयोजक शैलेन्द्र तिवारी थे। निर्णायक मंडल में सुदेश, संतोष यादव, ईश्वर मेश्राम, संजु नागदेवे, सुरेन्द्र साव, पंकज सोलंकी, ललित मानकर शामिल थे। पंजीयन प्रभारी राजाराम देवांगन एवं उमेश वैष्णव थे। मंच संचालन महेश्वर साहू ने किया।

## रांची के लिए 6 खिलाड़ी चयनित

**राजनांदगांव।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव रणविजय प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता बहतराई बिलासपुर में 21 दिसंबर को आयोजित किया गया था। जिसमें राजनांदगांव जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के छह खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

21 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के छह खिलाड़ियों ने कोच कामता प्रसाद यादव छत्तीसगढ़ पुलिस के कुशल नेतृत्व एवं प्रशिक्षण में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। 10 किमी में कौशलेंद्र जिन्होंने गोल्ड मेडल, तुषार साहू, लड़कियों में निशा साहू, साक्षी यादव, रोशनी यादव और कामेश्वरी साहू यह छह खिलाड़ी 24 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता रांची में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों को जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शुक्ला, सचिव रणविजय प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र, प्रकाश, देवेंद्र सिंह, प्रमोद, राजू, झमन देवांगन, शीतल साहू, अजय खंडेलवाल, सतीश ब्यौहारी, अतुल चोपड़ा, अरुण शुक्ला, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, अंकित, प्रकाश, शिवेंद्र, पायल, अमरनाथ सिंह ने शुभकामनाएं दी है।

## सुशासन दिवस पर छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

**गंडई पंडरिया।** स्थानीय स्वर्गीय देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार ने सुशासन के उच्च आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में सुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही ही किसी भी संस्थान की उन्नति का मुख्य आधार होती है।

0 पारदर्शिता और ईमानदारी की ली शपथ

इस विशेष अवसर पर डॉ. एनएस वर्मा एवं टीएल वर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी-



कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सुशासन की शपथ ग्रहण की। शपथ के माध्यम से सभी ने प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखना, अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करना, जनता और संस्थान के प्रति अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करने का संकल्प लिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी को सुशासन के सिद्धांतों को न केवल शपथ तक सीमित रखने, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन और कार्यशैली में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कॉलेज का समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

### पूनम कॉलोनी में साईं बाबा महोत्सव आज

**राजनांदगांव।** पूनम कॉलोनी स्थित शिव गजानन साईं मंदिर परिसर में कल गुरुवार 25 दिसंबर को साईं बाबा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव के अवसर पर प्रातः से रात्रि तक पूजा-पाठ, अभिषेक, हवन, अर्चना सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। इसके साथ ही दिनभर संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियां भी होगी। जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहेगा।

शाम 4 बजे बाबा की पालकी निकाली जाएगी। शाम 7 बजे से विशेष भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालु मधुर भजनों का आनंद ले सकेंगे। इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कमलेश स्वर्णकार एवं सदस्यों ने नगरवासियों एवं श्रद्धालु भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा के चरणों में श्रद्धा-भक्ति अर्पित करने और आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## प्रेस क्लब छुईखदान की शिकायत पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

■ अतिक्रमण व अधूरे निर्माण कार्यों पर प्रशासनिक शिकंजा

नगर पंचायत छुईखदान में लंबे समय से चली आ रही अतिक्रमण एवं अधूरे विकास कार्यों की समस्या को लेकर प्रेस क्लब छुईखदान द्वारा की गई शिकायतों पर अब प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की दिशा में कदम बढ़ा दिया हैं। कलेक्टर कार्यालय, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र जारी कर दिया गया है, जिससे नगरवासियों में राहत की भावना देखी जा रही है।

ज्ञात हो कि प्रेस क्लब छुईखदान के प्रतिनिधियों ने कुछ दिन पूर्व कलेक्टर से प्रत्यक्ष भेंट कर नगर विकास से जुड़े गंभीर मुद्दों को उनके संज्ञान में लाया था। इसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत छुईखदान के बाजार लाईन स्थित मंगल भवन के बाजू में हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई थी। उक्त स्थल पर अतिक्रमण के कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि नगर की व्यवस्था एवं सौंदर्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी क्रम में प्रेस क्लब द्वारा दनिया-छुईखदान सड़क निर्माण कार्य के लंबे समय से अधूरे पड़े हिस्सों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने का मुद्दा भी मजबूती से उठाया गया। सड़क निर्माण अधूरा रहने से स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को पत्र जारी किया जाना इस बात का संकेत है कि प्रशासन अब इन मुद्दों पर ठोस निर्णय लेने की तैयारी में है।

नगरवासियों का कहना है कि प्रेस क्लब छुईखदान द्वारा लगातार जनहित के मुद्दों को उठाया जाना सराहनीय कदम है। अब सबकी निगाहें प्रशासनिक कार्यवाही पर टिकी हुई हैं कि कब तक अतिक्रमण हटाया जाएगा और अधूरे विकास कार्य पूर्ण होंगे।

#### नाली के ऊपर बाथरूम और मकान

प्रेस क्लब छुईखदान ने कलेक्टर को यह भी अवगत कराया था कि दनिया-छुईखदान सड़क के अंतर्गत विद्युत चौक से लेकर कंडरा पारा तक लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, जिससे सड़क की चौड़ाई सिमटती जा रही है। नाली के ऊपर बाथरूम और मकान बनाया जा रहा है जिसके कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने एवं भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए ठोस कार्रवाई की मांग की गई थी।

## धान खरीदी के वादे से मुकर रही सरकार

■ धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण, नापतौल और टोकन व्यवस्था पर उठे सवाल

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के नेतृत्व में मंगलवार को कन्हारपुरी, मोहारा, सुरगी और भर्रेगांव धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। किसानों ने मुदलियार को नापतौल में गड़बड़ी की बात कही।

उन्होंने बताया कि पूर्व में जिनका टोकन जारी हो चुका है, जिन्होंने धान नहीं बेचा है, उन्हें धान बेचने में दिक्कत आ रही है। पूर्व में पटवारियों द्वारा रकबा समर्पण और अब खरीदी केंद्रों में कट्टा समर्पण के लिए किसानों को कहा जा रहा है, जिस पर मुदलियार ने प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी प्रकार का समर्पण किसानों से न कराया जाए। प्रबंधकों ने मुदलियार को बताया कि उठाव कम होने के कारण धान खरीदी में दिक्कत आ रहा है, जिस पर तत्काल मुदलियार ने जिला खाद्य अधिकारी से बात कर व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने चर्चा की।

किसानों ने बताया कि पहले 10 एकड़ में 3 टोकन मिलता था, अब 2 ही टोकन मिल रहा है। जिसको लेकर किसानों में संशय की स्थिति बनी हुई है। जिसके कारण कुछ किसान अपना धान नहीं बेच पाए हैं, उन्हें भी फिर से अवसर मिलना चाहिए। किसानों ने बताया कि जो टोकन है, उसको पुनः जारी करने भी दिक्कत आ रही है। किसानों को वारिसयान पंजीयन, रकबा संसोधन को लेकर दर-दर भटकना पड़ रहा है। एसडीएम कार्यालय में पहले 15 तारीख तक रकबा संसोधन की व्यवस्था की गई थी, मगर तिथि समाप्त होने के बाद भी उस तिथि को नहीं बढ़ाया गया है, इन सब समस्याओं को किसानों ने जितेन्द्र मुदलियार को अवगत कराया।



#### किसानों को नहीं मिल रहा एकमुश्त पैसा

श्री मुदलियार ने भाजपा पर आरोप लगाया कि चुनाव के समय भाजपा नेताओं ने किसानों से वायदा किया था कि पंचायतों में केस काऊंटर खोलकर 3100 रुपए धान का देंगे, मगर आज तक किसी को भी किसान को धान का 3100 रुपए एकमुश्त पैसा नहीं मिला है। रकबा सुधार में दिक्कत आ रही है और कई जगह किसानों से कई 40 किलो 900 ग्राम तक धान लिया जा रहा है। शासन की ओर से किसी भी प्रकार का कोई मापदंड तय नहीं है। हमलों द्वारा 7 रुपए बोरा शिफ्टिंग का खर्च किसानों से लिया जा रहा है। शासन को हमलों के लिए पर्याप्त हमाली की व्यवस्था करनी चाहिए, जिसे राज्य शासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण यह बोझ सीधा किसानों के जेब में पड़ रहा है।

#### किसानों में नाराजगी

श्री मुदलियार ने कहा कि जिस प्रकार अधिकारियों द्वारा किसानों के घर जाकर उनके धान का सत्यापन किया जा रहा है, वह कहीं से उचित नहीं है, उससे किसानों में नाराजगी व्याप्त है। किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। किसान की मेहनत को सरकार और उनके अधिकारी संदिग्ध नजरों से देख रहे है। इसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। मेहतन और खून-पसीने से धान उगाने वालों किसानों के साथ इस तरह का व्यवहार कहीं से न्याय संगत नहीं है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बास्केटबॉल स्पर्धा में सरगुजा ने मारी बाजी, दुर्ग उपविजेता

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला वर्ग का खिताब सरगुजा ने जीत लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. शैलेन्द्र सिंह, विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी पीके हरी, डॉ. अनिता पौषार्य, डॉ. नीता नायर, दीपक कुमार परगनिहा रजिस्ट्रार, पंकज पांडे शामिल थे।

मुख्य अतिथि डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिए बधाई देते कहा कि वे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना नाम रोशन करें।

समापन समारोह का संचालन अरूण चौधरी क्रीड़ाधिकारी थे। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में सरगुजा सेक्टर ने उलटफेर करते रायपुर को 56-41 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में दुर्ग सेक्टर ने कड़े संघर्ष में राजनांदगांव को 44-36 से पराजित कर दिया। फाइनल मुकाबले में सरगुजा की टीम ने जबर्दस्त खेलते दुर्ग को 58-27 से पराजित कर प्रतियोगिता को सबसे बड़ा उलटफेर करते विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का निर्णायक संतोष शुक्ला, पंकज पांडे, शुभम, ऋषि मेश्राम, मिनेन्द्र दीपक तथा पूर्वांश थे।



### बंद: जिलेवासियों का मिला व्यापक समर्थन, स्वस्फूर्त बंद रखीं गईं दुकानें

# सर्व समाज के छत्तीसगढ़ बंद का कवर्धा सहित जिले में दिखा व्यापक असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आमाबेड़ा में घटित घटना के विरोध में सर्व समाज द्वारा आहूत बंद का असर बुधवार को कवर्धा नगर सहित जिले के अन्य ईलाकों में व्यापक रूप से देखने को मिला। सुबह से ही नगर का माहौल बंद के समर्थन में नजर आया।

सर्व समाज के साथ-साथ विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बंद को सफल बनाने के लिए सक्रिय दिखाई दिए। प्रमुख मार्गों पर मोटरसाइकिल रैली निकालकर लोगों से शांतिपूर्ण बंद में सहयोग की अपील की गई। सुबह तड़के से ही बंद समर्थक नगर के प्रमुख चौक चौराहों, बस स्टैंड, सराफा बाजार, सब्जी बाजार सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर एकत्रित होने लगे। हाथों में तख्तियां और नारे लिखे पोस्टर लिए कार्यकर्ताओं ने आमाबेड़ा की घटना की कड़ी निंदा की और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। मोटरसाइकिल रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाजार क्षेत्रों तक पहुंची, जहां दुकानदारों से स्वेच्छा से बंद रखने की अपील की गई। सर्व समाज के आह्वान पर नगर के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह से ही बंद नजर आए। किराना, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य व्यापारिक संस्थानों के शटर गिरे रहे।

बंद को कवर्धा चैम्बर ऑफ कॉमर्स सहित विभिन्न व्यापारी संगठनों का भी व्यापक समर्थन मिला। व्यापारियों ने कहा कि यह बंद किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और जनभावनाओं के सम्मान के लिए है, इसलिए वे इसमें पूरा सहयोग कर रहे हैं। बंद के दौरान नगर में यातायात भी आंशिक रूप से प्रभावित रहा। हालांकि आवश्यक सेवाओं को बंद से अलग रखा गया, जिससे आम नागरिकों को अधिक परेशानी न हो। प्रशासन और पुलिस बल पूरे समय सतर्क नजर आया। नगर के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और कहीं से भी किसी प्रकार की तोड़फोड़ या विवाद की सूचना नहीं मिली। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि आमाबेड़ा की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। ऐसी घटनाएं समाज में भय और असंतोष का वातावरण पैदा करती हैं। उन्होंने राज्य शासन से मांग की कि घटना के दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की एकता ही इस तरह की घटनाओं के खिलाफ सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने आम नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि बंद का उद्देश्य जनभावनाओं को शासन तक पहुंचाना है, न कि आम जनता को परेशान करना।

दोपहर बाद धीरे-धीरे बाजार खुलने लगे, लेकिन दिनभर बंद का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कुल मिलाकर आमाबेड़ा घटना के विरोध में बुलाया गया सर्व समाज का बंद कवर्धा सहित जिले में सफल और प्रभावी रहा ।



#### धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून की पैरवी

हिन्दू संगठनो ने छत्तीसगढ़ राज्य में लगातार हो रहे धर्मांतरण पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्य का विषय है कि हिन्दुत्व की पक्षधर कही जाने वाली भाजपा सरकार के राज में आज धर्मांतरण के विरोध में सर्वसमाज को छत्तीसगढ़ बंद करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि सरकार को न सिर्फ हिन्दुत्व विरोधी ताकतों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए बल्कि प्रदेश में धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून भी बनाना चाहिए।

#### समाज के लोगों ने की घटना की निंदा, सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में शव दफनाने को लेकर हुए विवाद और आदिवासी समाज पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में सर्व आदिवासी समाज द्वारा आहूत छत्तीसगढ़ बंद का असर कबीरधाम जिले में भी साफ तौर पर देखने को मिला। बुधवार को कवर्धा शहर सहित जिले के कई इलाकों में बाजार पूरी तरह बंद रहे। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के समर्थन के बाद शहर के प्रमुख बाजार, बस स्टैंड और व्यापारिक क्षेत्रों में सुबह से ही सन्नाटा पसरा रहा। आदिवासी समाज के लोग शांतिपूर्वक दुकानदारों से बंद रखने की अपील करते नजर आए। गोंड़ समाज के जिला अध्यक्ष राजेश छेदावी ने कांकेर की घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि आदिवासी समाज अपने अधिकार और सम्मान के लिए एकजुट है। वहीं धर्म जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने भी बंद का समर्थन किया और धर्मांतरण को लेकर गंभीर आरोप लगाए। हालांकि बंद के दौरान आवश्यक सेवाएं जैसे मेडिकल स्टोर, अस्पताल, पेट्रोल पंप और स्कूल-कॉलेज खुले रहे। दोपहर 2 बजे गांधी मैदान में सभी संगठनों के एकत्र होने के बाद रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से मिली विकास एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की सेवा एवं सुविधा के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा निरंतर विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी जा रही है। लगातार जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार तथा पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना निर्माण कार्यों को विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से स्वीकृति मिल रही है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण द्वारा पंडरिया विधानसभा में कुल 16 विकास व अधोसंरचना निर्माण हेतु 1 करोड़ 54 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। विधायक भावना बोहरा ने इस सौगात के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।



इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि मजबूत अधोसंरचना, सशक्त गांव और आत्मनिर्भर पंडरिया, यही हमारा संकल्प और लक्ष्य है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कुशासन में 5 वर्षों तक उपेक्षित पंडरिया विधानसभा विगत 2 वर्षों में डबल इंजन भाजपा सरकार के कुशल नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। गांव–गांव में बेहतर सड़कें, सामाजिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन और बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मजबूत कदम है। किसी भी देश की प्रगति का रास्ता गांव के विकास से होकर गुजरता है। इसी उद्देश्य से हम ग्रामीण स्तर पर हर गांव-गांव और घर-घर सुविधाओं एवं योजनाओं का विस्तार कर रहें हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं।

#### इन 16 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

ग्राम डोंगरियाकला में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम डेहरी में आदिवासी मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण, नगर पांडातराई के वार्ड क्रमांक 4 गुप्ता मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम गोछिया में रानी अवंती बाई चौक अटल चौक में कांक्रीटीकरण कार्य, ग्राम चरखुराकला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, नगर पांडातराई के वार्ड क्रमांक 05 में कक्ष निर्माण, ग्राम पैलपार में गणेश निषाद के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम ज्ञानपुर में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम गौरमाटी में पटवारी भवन के पास सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम छीरपानी में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम दुल्लापुर में सामुदायिक भवन निर्माण और ग्राम गुंझेटा में महामाया प्रांगण के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 54 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।

### खबर संक्षेप

#### अभ्यर्थियों की चयन परीक्षा 28 दिसंबर को

**कवर्धा।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के भाग (ए) अनुसर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए। परीक्षण उपरांत अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 28 दिसंबर 2025 रविवार को परीक्षा केन्द्र प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय पहाडी चौक तिलक नगर गुढियारी रायपुर में रोल नं. 20250001 से 20250386 तक केवल बालिका के लिए एवं प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रकुरा मार्ग रायपुर में रोल नं. 30250001 से 30250701 तक केवल बालको के लिए निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

#### चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को चार रूपए आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम पोड़ी निवासी अरूण विश्वकर्मा की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता सतीष विश्वकर्मा को आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

## जिले के 67830 मतदाताओं ने जमा नहीं किया गणना पत्रक

### दावा-आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक, 21 फरवरी को अंतिम सूची का प्रकाशन

- डीएम ने गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान गणना पत्रक वितरण, संकलन एवं बीएलओ एप में एन्ट्री का कार्य 04 अक्टूबर 2025 से 18 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण किया गया। जिसके पश्चात 23 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजनितिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर विस्तार से इस संबंध में जानकारी दी एवं प्रारूप मतदाता सूची की प्रति प्रदान की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बताया कि गणना चरण के निष्कर्ष के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व जिले में कुल 671601 मतदाता थे जिसमें विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया में 327250 और विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा में 344351 मतदाता थे। उन्होंने बताया कि कैटेगरी-ए में जिनका नाम वर्ष 2003 एवं वर्ष 2025 के मतदाता सूची दोनों में शामिल है ऐसे मतदाताओं की संख्या 235839 है। वहीं कैटेगरी-बी में जिनका नाम वर्ष 2025 के मतदाता सूची में है किन्तु वर्ष 2003 में स्वयं का नाम नहीं लेकिन माता-पिता/दादा-दादी का नाम है ऐसे मतदाताओं की संख्या 364230 है। कैटेगरी-एनए (नो मैपिंग) श्रेणी में ऐसे मतदाता है जिनका नाम वर्ष 2025 के मतदाता सूची में है लेकिन वर्ष 2003 में न तो स्वयं का नाम है और न ही माता-पिता का नाम है। इसकी संख्या 3702 है। गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान 67830 मतदाताओं (पंडरिया-33162, कवर्धा-34668) ने उपरोक्त विभिन्न कारणों से गणना पत्रक जमा नहीं किया है। जिनमें मृत्यु हो जाने के कारण 17748 (पंडरिया-8395, कवर्धा-9353), स्थायी शिफ्टिंग के कारण 38804 (पंडरिया-20376, कवर्धा-18427), एक से अधिक जगह पर नाम दर्ज 3974 (पंडरिया-1916, कवर्धा-2058), अनुपस्थित होने के कारण 6750 (पंडरिया-2255, कवर्धा-4495) तथा अन्य कारणों से 554 (पंडरिया-220, कवर्धा-334) गणना पत्रक जमा नहीं किया है। इस कारण इनका नाम मतदाता सूची से विलोपित हो गया है।



#### जिले में 65 नए मतदान केन्द्र बने

जिले से प्रेषित प्रस्ताव अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जिले में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्तावों पर सहमति एवं स्वीकृति प्रदान की गई है। तदनुसार 65 नये मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिनमें पंडरिया विधानसभा में 29 एवं कवर्धा विधानसभा में 36 नए मतदान केन्द्र बनाएं गए है। जिसमें पश्चात पंडरिया विधानसभा में मतदान केन्द्र बढ़कर 423 व कवर्धा विधानसभा में 447 सहित जिले में कुल 870 मतदान केन्द्र हो गए है, जिसके अंतर्गत जिले में शहरी मतदान केन्द्रों की संख्या 91 व ग्रामीण मतदान केन्द्रों की संख्या 779 है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त संशोधित कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावली की अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 की स्थिति में प्रारंभिक प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन तक की अवधि में की जाने वाली कार्यवाहियां इस प्रकार है। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत की जा सकती हैं, जबकि सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## साहसिक गतिविधि में 86 स्काउट गाइड शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्री हरि ऊं शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई के द्वारा विद्यालय के स्काउट गाइड के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण व हाईक शिविर जिला संगठन आयुक्त अजय चन्द्रवंशी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। जिसमें स्काउट मास्टर लवकेश गुप्ता, संजू जायसवाल एवं गाइड कैप्टिन मोहनी पटेल, चित्ररेखा झारिया के नेतृत्व में 86 स्काउट गाइड ने एडवेंचर एवं हाईक कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया।



विद्यालय के व्यस्थापक अनिल दास गुप्ता के निर्देशन व मार्गदर्शन में विद्यालय प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के लिए एडवेंचर व हाईक जैसे साहसिक गतिविधियां आयोजित किया गया जिसमें जिसमें प्रवेश पाठ्यक्रम, स्काउटिंग डाइटिंग की उत्पत्ति, गांठें व विभिन्न प्रकार की गैजेट बनाना बताया गया जिससे नैतिकता, बौद्धिक, मानसिक, कौशलात्मक, शारीरक एवं आध्यमिक विकास हो सके। श्री गुप्ता ने बताया कि स्काउट गाइड हाईक के लिए बस से डोंगरगढ़ के लिए प्रस्थान किये। वहां सभी स्काउट गाइड पहाड़ पर विराजित मां बम्लेश्वरी माता का पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि कि कामना व आशीर्वाद प्राप्त किये।

डोंगरगढ़ ट्रस्ट से भोजन प्राप्त कर नव निर्मित मंदिर छोटी बम्लाई के दर्शन करनें के पश्चात एडवेंचर व हाईक कार्यक्रम सकुशल समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक चन्द्रवंशी, मोहित साहू द्रवेश सिंह राजपूत, सत्यम मानिकपुरी, दद्दू मानिकपुरी, दिपनेश साहू,अंजलि साहू शामिल थे। तथा इस पूरे कार्यक्रम में सहयोग प्रदान ओमकार चंद्रवंशी, मुकेश कौशिक, किशन चंद्रवंशी, व आयुशी गुप्ता का रहा।

## नगर पंचायत बोड़ला के अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) द्वारा अटल परिसर के वर्चुअल लोकार्पण समारोह का आयोजन गुरुवार, 25 दिसंबर 2025 को दोपहर 12.30 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, नगर पंचायत बोड़ला अध्यक्ष विजय पाटिल, जनपद पंचायत बोडला अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकंवर वर्मा, मंडल भाजपा अध्यक्ष मोहन धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, नगर पंचायत बोडला के उपाध्यक्ष लव निर्मलकर सहित जन प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं समस्त पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अटल परिसर, मिलन चौक बोड़ला, जिला कबीरधाम में किया जाएगा। नगर पंचायत बोड़ला के सीएमओ योगेश साहू ने नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की गई है।

## अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण आज करेंगे मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचायत पांडातराई के वार्ड क्रमांक 01 नगर पंचायत कार्यालय के पास में निर्मित अटल परिसर का वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य आतिथ्य में 25 दिसम्बर को लोकार्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण साव उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री नगरीय प्रशासन विकास विभाग करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूपए में संतोष पांडेय सांसद लोकसभा राजनांदगांव, श्रीमती भावना बोहरा विधायक पंडरिया विधानसभा उपस्थित रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता सोनी एवं समस्त जनप्रतिनिधिओं की उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम 25 दिसम्बर को सुबह 10.00 बजे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर किया जाएगा।



### क्षेत्र के 16 ग्रामों के 2310 विद्युत उपभोक्ता एवं किसान होंगे लाभान्वित

## ग्राम सबराटोला सबस्टेशन में लगा 3.15 एमव्हीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत कबीरधाम जिले के ग्रामीण अंचलों में बिजली उपभोक्ता एवं किसानों को भरपूर वोल्टेज पर निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए जिलें में विद्यमान पॉवर सबस्टेशनों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस योजना के तहत 50 लाख रूपये की लागत से ग्राम सबराटोला स्थित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। कवर्धा संभाग के ग्राम सबराटोला मे विद्यमान उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता पहले 08.15 एमव्हीए था, अतिरिक्त नये 3.15 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर के लगाये जाने से इस उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता बढ़कर 11.30 एव्हीए हो गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि यह कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 50 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि सबस्टेशन में पहले से मौजूदा एक 5.0 एमव्हीए एवं 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाता था। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी, उक्त कार्य से लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। ईडी श्री सेलट ने उक्त कार्य को क्षेत्र में उपभोक्ताओं एवं किसानों के हित में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय बताते हुए कहा कि 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सबराटोला में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से 16 ग्रामों यथा, रंजीतपुर, रेंगाटोला, पटपर, टाटीकसा, वीरेंद्र नगर, दरगांव, दरीगंवा, नवाघटा, नघटा, सबरा टोला, आमगांव, धनगांव, जमगांव, दलसाटोला, देहांडी, डीहखार के 2310 उपभोक्ता एवं किसानों को फायदा होगा। उन्होने अधीक्षण अभियंता कवर्धा वृत्त रंजीत घोष, ईई परियोजना आरके गोस्वामी, ईई कवर्धा संभाग जीएस फ्लोरा, ईई एसटीएम एमके आर्या, सहायक अभियंता मनीष साहू, यशवंत ध्रुव, रविन्द्र सिंह अन्य अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं एवं किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से किसानों एवं उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।



## ग्राम नेवारीगुड़ा में पेंशन सत्यापन शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले में 23 दिसम्बर 2025 को ग्राम पंचायत भवन नेवारीगुड़ा में पेंशन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के लिए पेंशन सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पेंशनधारी हितग्राहियों को आमंत्रित कर उनके आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया, जिससे शासन की पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को निर्बाध एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को नशा सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। पेंशन सत्यापन एवं जागरूकता कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से मोहित सिन्हा, जनपद पंचायत कवर्धा से ज्ञानेश्वर बंजारे तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।



## जनसेवा सहयोग के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किया एम्बुलेंस समर्पित

# दामाखेड़ा आश्रम को समर्पित एम्बुलेंस का उदितमुनि नाम साहेब ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंथ श्री १०८ हुजूर उग्रनाम साहेब स्मृति संत समागम मेला लोलेसरा में संत शिरोमणि कबीर साहेब की तपोभूमि, कबीर आश्रम दामाखेड़ा के नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सौजन्य भेंटकर आश्रम द्वारा संचालित पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब मेमोरियल हॉस्पिटल, दामाखेड़ा में आपातकालीन समय में जरूरतमंद लोगों की सहायता और सेवा के लिए एक एम्बुलेंस समर्पित किया। इस अवसर पर नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब के करकमलों से हरी झंडी दिखाकर जनसेवा हेतु समर्पित एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया और श्रीमती भावना बोहरा ने उनसे विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर दामाखेड़ा आश्रम के नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब ने विधायक भावना बोहरा के इस सेवा भाव एवं प्रकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा जरूरतमंद लोगों की सेवा हेतु समर्पित यह एम्बुलेंस केवल एक वाहन नहीं, बल्कि मानव सेवा, करुणा और उनकी संवेदनशीलता का सजीव प्रतीक है। अपने नाम के अनुरूप हर व्यक्ति, वर्ग और समाज के लिए उनकी सेवा भावना एक सच्चे जनप्रतिनिधि की पहचान है।

दामाखेड़ा आश्रम के प्रमुख परम पूज्य पंथ श्री हुजुर प्रकाशमुनि नाम साहेब ने भी भावना बोहरा द्वारा जनसेवा हेतु इस एम्बुलेंस के लिए उनकी सराहना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल भी साथ में उपस्थित थे। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि सद्भाव, भक्ति और सामाजिक जागरण के प्रतीक परम पूज्य कबीर साहेब ने अपने वचनों में मानवता, समानता और सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया है। उनके उन्हीं मूल्यों से प्रेरित होकर हमने यह एम्बुलेंस जनता की सेवा हेतु समर्पित किया है जो आश्रम परिसर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आवश्यकता के समय यह एम्बुलेंस जीवनरक्षक सिद्ध होगी और जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण बनेगी। क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने हेतु हम प्रतिबद्ध हैं। आज संत समागम मेला के अवसर पर उपस्थित होकर मुझे अत्यंत आत्मिक शांति और गौरव की अनुभूति हो रही है। संत कबीर दास ने अपने जीवन और वाणी से हमें मानवता, करुणा और सेवा का जो मार्ग दिखाया, वही मार्ग आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। उसी प्रकार परम पूज्य पंथ श्री हुजुर प्रकाशमुनि नाम साहेब एवं नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब द्वारा भी इस आश्रम के माध्यम से जन-जन तक एकता,सद्भाव और अपनी संस्कृति से जुड़ने के लिए आमजनों को प्रेरित करने का लोकहितकारी प्रयास कर रहें हैं। नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब द्वारा भी कबीर साहेब के वचनों को युवाओं तक पहुंचाने और उन्हें अपनी संस्कृति, सभ्यता और सामाजिक एकता के लिए प्रेरित कर रहें हैं।

### जरूरतमंदों की सहायता के लिए यह अस्पताल महत्वपूर्ण सेवा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं



विधायक ने कहा कि हम सभी भली-भांति जानते हैं कि आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर चिकित्सा सुविधा मिलना कितना आवश्यक होता है। दामाखेड़ा आश्रम द्वारा संचालित पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब मेमोरियल हॉस्पिटल भी जनसेवा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जरुरतमंदों की सहायता के लिए यह अस्पताल महत्वपूर्ण सेवा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों तक पहुंच रही है, जिससे उन्हें मानसिक व आर्थिक सहयोग मिल रहा है और इन प्रयासों के लिए जितनी सराहना की जाए वह कम है। पंथ श्री हुजुर प्रकाशमुनी नाम साहेब का आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे हमेशा मिलता रहा है। जिसने मुझे भी एक नई दिशा एवं अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा प्रेरित और मार्ग प्रशस्त किया है। ऐसे में समाज सेवा के लिए उनके प्रयास में हमने भी अपनी एक छोटी सी भागीदारी निभाने का अवसर मिला है। इस एम्बुलेंस के माध्यम से आश्रम परिसर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंदों को त्वरित स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध हो सकेगी। मेरा विश्वास है कि यह सेवा अनेक जीवनों की रक्षा करेगी और आपातकालीन परिस्थिति में जरूरतमंद लोगों के लिए संबल बनेगी।



# गायत्री गुरुकुल पोंड़ी में पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा योग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

गायत्री गुरुकुल पोंड़ी में शीतकालीन सत्र के अंतर्गत पतंजलि योग शिक्षकों द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के चतुर्थ दिवस, प्रातःकालीन योग सत्र में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य साधकों की उपस्थिति रही। यह शिविर 21 से 25 दिसंबर तक आयोजित किया गया। इस शिविर में न केवल जिला बल्कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ मध्यप्रदेश (उज्जैन) एवं उत्तर प्रदेश से भी स्वास्थ्य साधक पहुंचे। शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित रोगानुसार चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य साधकों का उपचार किया जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि प्राचीन भारतीय ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से आज भी लोग उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। महर्षि चरक, सुश्रुत, पतंजलि, वाग्भट एवं भगवान धन्वंतरि की आयुर्वेदिक परंपराओं को आत्मसात करते हुए पतंजलि योग शिक्षकों द्वारा आयुर्वेद अर्थात आयु का विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य भागदौड़ भरी जीवनशैली से ग्रसित लोगों को योग, यज्ञ एवं संतुलित आहार के माध्यम से स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। शरीर शोधन हेतु षट्कर्म क्रियाओं में बस्ती, नौली, कपालभाति, नेती एवं त्राटक का अभ्यास कराया जा रहा है। इसके साथ ही कपिंग, शिरोधारा, अक्षी तर्पण, अभ्यंग एवं एक्यूप्रेशर जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों द्वारा भी उपचार किया जा रहा है।

चतुर्थ दिवस के प्रातःकालीन योग सत्र में जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष नंद श्रीवास एवं समाजसेवी भगत पटेल विशेष रूप से उपस्थित थें। उन्होंने भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व को समझते हुए लोगों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में पतंजलि योग शिक्षकों में शिवकुमार निषाद, मनोहर साहू, राजकुमार वर्मा, हजारी चंद्रवंशी, दुर्योधन पाली, ओमकार राजपूत, हरिराम साहू, सौरभ साहू, राघव साहू, रोहन चंद्रवंशी, वेद साहू, ओमप्रकाश निषाद, रामचंद सहित गायत्री परिवार से शत्रुघ्न वर्मा एवं रामुनी वानप्रस्थी तथा अनेक योग साधक उपस्थित थें।

योग थैरेपी प्रातःकालीन योग सत्र में स्वामी अशोकानंद द्वारा विभिन्न रोगों से पीड़ित साधकों को रोगानुसार योगाभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने योग को समत्व का मार्ग बताया है तथा आयुर्वेद में त्रिदोष-वात, पित्त और कफ-के संतुलन को स्वास्थ्य का आधार माना गया है।

# केपीएल क्रिकेट लीग की विजेता बनी मां महामाया क्रिकेट इलेवन

## टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा प्रीमियम लींग (केपीएल) के अंतर्गत आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्वामी करपात्री जी महाराज मिनी स्टेडियम में उत्साह और रोमांच के साथ सम्पन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित लींग का आयोजन युवाओं को खेल, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया, जिसे खिलाड़ियों और दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। फाइनल मुकाबला मां कर्मा क्रिकेट क्लब, वार्ड क्रमांक 02 एवं मां महामाया क्रिकेट इलेवन, वार्ड क्रमांक 06 के बीच खेला गया। वहीं मुकाबला शुरू से अंत तक बेहद रोमांचक रहा, जिसमें चौकों-छक्कों, अहम विकेटों और आखिरी ओवर तक चले संघर्ष ने दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखा। अंततः शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मां महामाया क्रिकेट इलेवन ने फाइनल जीतकर खिताब अपने नाम किया और प्रतियोगिता में नया इतिहास रचा। फाइनल मुकाबले के अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित थें, कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के संरक्षक डॉ एनके यदु, अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, सचिव दिलीप सिंह ठाकुर सहित समाजसेवी, साहित्यकार, कवि, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं शहर मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थें। वहीं सभी अतिथियों की उपस्थिति में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले के अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित थें। कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के संरक्षक डॉ एनके यदु, अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, सचिव दिलीप सिंह ठाकुर सहित समाजसेवी, साहित्यकार, कवि, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं शहर मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थें। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजकों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमी नागरिकों की अहम भूमिका रही। भाजपा शहर मंडल की ओर से जानकारी दी गई कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

# फैक्ट्री में गुड़ बनाने का कार्य जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन समय गुड़ फैक्ट्री की संख्या लगभग 350 से अधिक है। बताया जाता है कि अब किसानों की प्रति क्विंटल गन्ने की भाव 390 से 400 रुपए तक पहुंच गया है, गुड़ फैक्ट्री मालिको ने खरीद रहे हैं जिनके कारण से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुड़ फैक्ट्री मालिकों ने शिरा और गुड़ बनाने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है, गुड़ फैक्ट्री मालिकों ने अन्य राज्यों में शिरा को प्रति किलो 30 रुपए से 31 रुपए तक बिक रहे हैं और वही प्रति किलो गुड़ को 38 से 40 रूपए के भाव से थोक में बिक रहे हैं, जो अन्य राज्य में जैसे पश्चिम बंगाल, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, पंजाब, मध्यप्रदेश, व उड़ीसा तथा बिहार जैसे राज्यों में बेचा जा रहा है। जिससे ग्रामीण किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे तो वहीं दूसरी तरफ गुड़ फैक्ट्री मालिकों की चेहरे पर दोगुना खुशी दिखाई दे रहा है। साथ ही साथ शहर व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान व मजदूरों को गुड़ फैक्ट्री में मजदूरों को काम मिलने से मजदूरों की आर्थिक स्थिति अब और मजबूत होने लगे हैं।

### कमिश्नर राठौर ने जिला कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**हरिभूमि कवर्धा।** दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने बुधवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा के साथ जिला कार्यालय कवर्धा के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय कार्यों की प्रगति, कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं योजनाओं से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने कलेक्टर कोर्ट, अतिरिक्त कलेक्टर कोर्ट, कोषालय, श्रम विभाग, लाइसेंस शाखा सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। कलेक्टर कोर्ट एवं अतिरिक्त कलेक्टर कोर्ट में लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संभाग आयुक्त को जिले में संचालित विभिन्न विभागीय गतिविधियों, योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस शाखा से संभाग आयुक्त ने जिले में जारी विभिन्न प्रकार के लाइसेंसों की संख्या एवं उनकी अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कोषालय के निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने विभागीय काम काज और वित्तीय प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की मंशानुरूप कार्य करते हुए आम जनता को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कवर्धा एसडीएम चेतन साहू, संयुक्त कलेक्टर आरबी देवांगन, नायब तहसीलदार विकास जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा मण्डल कुण्डा ने भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भारत रत्न श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री का शताब्दी वर्ष पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा पूरे भारत भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल कुण्डा के अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में मण्डल अंतर्गत 70 बूथों में टीम द्वारा अटल चौक चौराहा पर अटल परिसर सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, सरकारी भवनों और ग्राम पंचायत परिषर की व्यापक साफ-सफाई की गई एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं को एवं अटल चौक की विशेष सफाई की गई एवं अटल चौक का रंग-रोगन किया गया। इसी कड़ी में मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के गृह ग्राम हथमुड़ी बूथ में उनके अगवाई में अटल चौक बजरंगबली मंदिर, स्कूल परिषर एवं महामंत्री मनहरण साहू के गृह ग्राम अमलीमालगी बूथ 236 में अटल चौक, स्कूल परिषर एवं सार्वजनिक स्थलों में एवं भाजयुमो मंत्री साहेब लाल सोनवानी की अगवाई ग्राम कुंडा के अटल चौक, बजरंगबली मंदिर परिषर एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक रूप से साफ-सफाई कर अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। भाजपा मण्डल कुण्डा अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जनशताब्दी अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान संदर्भित करता है कि जिसमें सार्वजनिक स्थलों महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं सरकारी संस्थानों का साफ सफाई करना स्वच्छ भारत मिशन और सुशासन दिवस का भी एक हिस्सा है, श्री चंद्रवंशी ने कहा संक्षेप में यह एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पहल है जो अटल बिहारी बाजपेयी की विरासत के सम्मान और देश की स्वच्छ बनाने के उनके सपने को साकार करने के लिए की जा रही है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, गणेश सोलंकी, साहेब लाल सोनवानी, पन्ना साहू, सूरज यादव, भानुमती साहू, फिरतू साहू, आत्माराम साहू, खेलूराम साहू, दीपचंद साहू, राजू चंद्राकर सहित बूथ सचिव, स्वच्छता प्रमुख, युवा मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### नर्सरी, पहली व 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

# नयनाभिराम कला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच हर्षोल्लास व धूमधाम से मना गुरुकुल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के जूनियर एवं सीनियर विंग का संयुक्त वार्षिकोत्सव झलक उल्लास, उमंग और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य रूप से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा पहली तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वार्षिक उत्सव में विद्यालय की संचालन समिति के अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारी, निदेशकगण, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी तथा विशिष्ट अतिथि रूप जीवन हॉस्पिटल की संचालिका श्रीमती संगीता जैन रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्य मनोज राय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर शैक्षणिक एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं सतत प्रगति की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

मीडिया प्रभारी डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि इस वर्ष की समस्त प्रस्तुतियां कला, संस्कृति और कर्म की थीम पर आधारित रहीं। जूनियर विंग के बच्चों ने बार्बी गर्ल, धक-धक धरती, तारक मेहता आधारित डांस-ड्रामा, जीतेगा-जीतेगा इंडिया एवं छत्तीसगढ़ी आदिवासी नृत्य जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। बहुरंगी वेशभूषा में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली। वहीं सीनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने भस्म आरती, राधा-कृष्ण, छावा तथा राजस्थानी नृत्य जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत कर दिया।

भारत की गंभीर सामाजिक समस्या बंधुवा मजदूरी पर आधारित हिंदी एकांकी मानवाधिकार का मंचन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नन्हे बच्चों की ट्रिब्यूट टू धर्मेंद्र प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। मछुआरिया नृत्य ने पूरे कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। सत्र के दौरान आयोजित विशेष गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं की जानकारी भी प्राचार्य द्वारा दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास को दिया गया। अंत में अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।



## सार समाचार

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मंदिर प्रांगण स्थित मैदान में नर्मदा क्रिकेट क्लब एवं युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।



प्रतियोगिता का शुभारंभ चकनार के सरपंच प्रतिनिधि लालचंद पटेल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जंघेल, उपसरपंच भारती सोरी , अक्कू मिर्जा एवं गोपाल गोस्वामी के आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन, एकता और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया एवं आयोजन को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

### प्राक्चयन परीक्षा रायपुर में 28 को

**राजनांदगांव।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 28 दिसम्बर को दोपहर 12 से 2 बजे तक जिला रायपुर के प्रयास विद्यालयों में आयोजित किया गया है।

### साधारण सभा की बैठक 26 को

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत राजनांदगांव की साधारण सभा की बैठक 26 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मैनुअल स्क्वैंजर अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति के क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में सफाई कर्मचारियों के समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई एवं समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक में सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आंदोलन बबीता कुलदीप, सफाई मित्र नगरीय निकाय सुधीर पांडिया, सफाई मित्र श्यामबाई डोंगरे, स्वास्थ्य निरीक्षक स्टेशन डोंगरगढ़ सुशीला साहू, स्वास्थ्य निरीक्षक सुकेशिनी पाटील, सहायक संचालक आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता उपस्थित थे।

### शासकीय संपत्तियों को बेचे जाने का लगाया आरोप

# बीएसपी के निजीकरण का विरोध, फूंका पीएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में लगातार कट रहे जंगल, शासकीय संपत्तियों का निजीकरण और अब भिलाई स्टील प्लांट को प्राइवेट सेक्टर के लिए दिए जाने का विरोध करते युवा कांग्रेस द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला जलाया गया।

प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर निजीकरण के विरोध में केंद्र में बैठी मोदी सरकार के पुतला दहन का आयोजन किया गया। इस दौरान जयस्तंभ चौक पर युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के पुतला दहन का आयोजन किया और पुलिस को चकमा देते पुतला दहन कर दिया। पुतला दहन के आयोजन को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मानव देशमुख ने कहा कि लगातार निजीकरण करते शासकीय संपत्ति और जंगलों को बेचा जा रहा है। पूर्व में सरगुजा के जंगलों को बेचा गया और अब भिलाई स्टील प्लांट को निजीकरण करके भेजा जा रहा है। जिसको लेकर विधायक देवेंद्र यादव पांच दिन से अनशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस अनशन सत्याग्रह को इस प्रदर्शन के माध्यम से समर्थन किया जा रहा है।




#### जंगल काटने का विरोध

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुरबेज सिंह माखीजा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश की संपत्तियों को बेचने का काम कर रही है। भिलाई स्टील प्लांट को भी निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जंगल काटे जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे इस निजीकरण का विरोध करने के लिए प्रधानमंत्री का पुतला जलाया गया है।

#### केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और शासकीय संपत्तियों के निजीकरण का विरोध किया गया। इस पुतला दहन में पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, विशु अजमानी, संदीप सोनी, अभिमन्यु मिश्रा, आफताब अहमद सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

# हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा गुरू घासीदास जयंती

**गंडई पंडरिया।** स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में सत्य और अहिंसा के प्रतीक एवं महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। प्राचार्य डॉ. कुर्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा जी के उपदेश और उनके द्वारा दिया गया समानता का सिद्धांत आज के दौर में समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सादगी और भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप अमिला, डॉ. ओम प्रकाश कौशिक, शुभम दुबे, डॉ. दिलेश्वरी साहू, योगिता लहरे और डॉ. युवराज टेमरे उपस्थित थे। संचालन छात्र निखिल निर्मलकर एवं किशन मांडले ने किया। कार्यक्रम के समापन पर संयोजक डॉ. पदमनी सिन्हा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

#### सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रतियोगिताओं की रही धूम

इतिहास विभाग की डॉ. पदमनी सिन्हा एवं पल्लवी गुप्ता के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं जिसमे बाबा गुरु घासीदास के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर विद्यार्थियों ने विचार रखे। छात्रों ने पारंपरिक पंथी नृत्य और गीतों के जरिए बाबा के जीवन दर्शन की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिताओं में निखिल, दीक्षा, मुस्कान, देवेशश्री, पियूष, रजक, हिरेन्द्र, सोनम, श्रेया और मोनिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# युवा उत्सव में रीतेश व पूनाराम सम्मानित

**राजनांदगांव।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में यामिनी क्रीड़ा एवं कला केन्द्र के अध्यक्ष रीतेश देवागंन तथा सचिव पूनाराम यादव को सम्मानित किया गया।



प्रतियोगिता में जिलेभर से आए युवा प्रतिभागियों ने विद्याओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया था। रीतेश चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक थे। जबकि पूनाराम यादव ने चित्रकला, कविता लेखन, कहानी लेखन एवं विज्ञान नवाचार में निर्णायक के रूप में उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। अन्य अतिथियों में छग प्रदेश हॉकी संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कविता वासनिक, पूनम विराट एवं राजेन्द्र यादव शामिल थे। कार्यक्रम के प्रभारी खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए. एक्का तथा संयोजक शैलेन्द्र तिवारी थे। निर्णायक मंडल में सुदेश, संतोष यादव, ईश्वर मेश्राम, संजु नागदेवे, सुरेन्द्र साव, पंकज सोलंकी, ललित मानकर शामिल थे। पंजीयन प्रभारी राजाराम देवांगन एवं उमेश वैष्णव थे। मंच संचालन महेश्वर साहू ने किया।

# गंडई अटल परिसर का आज होगा लोकार्पण

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के विकास कार्यों की कड़ी में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। आज 25 दिसंबर को अटल परिसर का गरिमामय लोकार्पण (वर्चुअल माध्यम से) संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। नगर पंचायत गंडई द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम दोपहर 12.30 बजे से वार्ड क्रमांक 7, शासकीय अस्पताल के पास आयोजित किया गया है। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रमन सिंह एवम विशिष्ठ अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा रहेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी वार्डों के पार्षद गण उपस्थित रहेंगे। अटल परिसर का लोकार्पण स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है।







